संख्या-607/23-3-26/2055655

प्रेषक,

प्रभुनाथ,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-3 लखनऊ:: दिनांक: 05 जून, 2026

विषय: लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कार्यरत अभियंतागण/कर्मचारियों के स्थानान्तरण हेतु समयसीमा में परिवर्तन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों की वार्षिक स्थानान्तरण नीति वर्ष 2026-27 विषयक कार्मिक विभाग के शासनादेश दिनांक 05-05-2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सम्यक विचारोपरांत कार्मिक विभाग के शासनादेश दिनांक 05-05-2026 के प्रस्तर-8 में प्राविधानित व्यवस्था के तहत लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कार्यरत समस्त अभियंतागण/कर्मचारियों के स्थानान्तरण पूर्ण किये जाने की समयसीमा दिनांक 31 मई, 2026 से बढ़ाकर दिनांक 30 जून, 2026 तक किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्तानुसार विनिश्चित अवधि के अन्दर स्थानान्तरण के सम्बन्ध में अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( प्रभुनाथ )
विशेष सचिव